# <u>संदेश</u>

महावीर जयंती के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय को बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ।

अहिंसा और करुणा के प्रतीक भगवान महावीर ने 'अहिंसा परमो धर्मः' अर्थात अहिंसा सभी धर्मों में सर्वोपरि है - के माध्यम से सम्पूर्ण मानवता को एक नई राह दिखाई है। महावीर जयंती ऐसा त्योहार है जो हमें अध्यात्म के मार्ग पर चलने और जीवन में सादगी, दया तथा अपरिग्रह को अपनाने का संदेश देता है।

मैं कामना करती हूँ कि भगवान महावीर की महान शिक्षाएं समाज में शान्ति, अहिंसा और धर्म का संचार करती रहें।

**********